In case the Government is sincere regarding welfare or the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, the recommendations made in the reports should be implemented vigorously. It is no use making Government officials a scape-good for not implementing the recommendations. Instead, the responsibility must be fixed on the Ministers concerned.

श्री होपिंगस्टोन लिंगडोह (शिलोंग) : अनुसूचित जनजातियों तथा अनुसूचित जातियों की समस्याओं पर प्रकाश डालने का यह एक अच्छा अवसर है। ये प्रतिवेदन वर्ष 1971 से 1974 की अवधि से सम्बन्धित हैं। इनमें पिछड़े क्षेत्रों के लोगों पर किये गए अत्याचारों का उल्लेख है।

पिछले 30 वर्षों के दौरान मेघालय तथा देश के उत्तर-पूर्वी भाग के जनजाति क्षेत्रों के उत्थान के लिये कई सिफारिशें की गयीं तथा इन क्षेत्रों के विकास हेतु बहुत धन व्यय किया गया लेकिन इसके कोई भी ठोस परिणाम नहीं निकले।

बंगलादेश युद्ध के कारण 1971–72 में बहुत से शरणार्थी मेघालय में आये और वहां की अर्थ-व्यवस्था को बहुत क्षति पहुंची। जिनकी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया। पिछले वर्ष ही वहां के लोगों को कुछ पैसा दिया गया।

वहां के जनजाति क्षेत्र के लोगों के बीच असंतोष है। पाकिस्तान और बंगला देश के बनने पर लोगो की आर्थिक स्थिति डवाडोल हो गयी क्योंकि इन देशों के साथ वहां के लोगों का व्यापार बंद हो गया। 1947 के बाद हमारे लोग गरीब हो गये हैं क्योंकि बंगला देश में ये अपना जो माल बेचते थे उसका विक्रय उसके बाद बंद हो गया। निस्संदेह सरकार ने जनजाति क्षेत्रों के विकास हेतु 10 लाख रुपये व्यय किये हैं। लेकिन हम नहीं जानते कि यह पैसा कैसे व्यय किया गया?

हमारे जनजाति क्षेत्रों के व्यापार पर शहर में रहने वाले लोग हावी हो गये हैं। इस कारण भी हमारी आर्थिक स्थिति विगड़ रही है।

जनजाति क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी नहीं मिलता। हम बहुत पिछड़े लोग हैं। हम पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

हमारे जनजाति क्षेत्रों में बाहर के लोग आकर बस गये हैं। वहां के लोगों का शोषण हो रहा है। हमारे क्षेत्रों की जन्म दर नहीं बढ़ रही है जबकि शहरी क्षेत्रों की आबादी बढ़ रही है।

पड़ोसी देशों नेपाल आदि से लोग आकर इस राज्य में बस रहे हैं। वे वनों का लाभ उठा रहे हैं और आदिवासियों का शोषण कर रहे हैं। सरकार इस प्रकार से हमारी सम्पदा और लोगों के शोषण को रोके।

गृह मंत्री स्वयं मेघालय जाकर वहां की स्थिति देखें। इससे वह उस क्षेत्र की जानकारी पा सकेंगे और इस विकास के लिये कोई ठोस कार्यवाही कर सकेंगे।

Shri Ram Awadesh Singh (Vikram Ganj): Reports of the Commissioner for scheduled castes and scheduled tribes have been discussed from time to time in this House, but no significant improvement ha staken place in the lot of scheduled castes and scheduled tribes people. Even incidents of atrocities on these people had been on the increase year after year.

Before independence if there was a murder in an area, it was regarded as a very serious incident. But now murders have become quite common. There are so many incidents of cruelties being prepetrated on Harijans. It is because after independence political powes had come in the hands of caste Hindus. In the administration also power is in the hands of caste Hindus.

During the British regime, Indian Penal code, Criminal Procedure Code and Civil Procedure Code were devised to suffers the people. But even often independence no changes has been brought about in these laws. Now these laws are used to harass Harijans

Continuance of use of English in our country is acting against the interests of Harijan. These people are not able to complete with those who have good command over the English language. Therefore. they are not able to get into administrative services.

Puranic stories have been having a lot of influence on the thinking of caste Hindu. In these stories inferior status is given to so-called sudra's. The inflence of these mythological stories on our culture will have to be from the minds of the peolpe.

At present adequate representation is not being given to scheduled castes and scheduled tribes in seats of political power. They must be given seats in the council of Ministers equal to 1/10 of their strength in the House so that they can have an adequate say in policy making.

The reports of the Commissioner for scheduled castes and scheduled tribes, which are under discussion do not give a true picture of incidents of practice of untouchability. There is gross under statement of factual position. What is the use of having a Commissioner for scheduled castes and scheduled tribes who does not give a proper account of the problems of scheduled castes and scheduled tribes.

We shall have to bring about a social revolution in the country. Stringent laws should be made to remove injustice against scheduled castes and scheduled tribes. These laws should be properly implemented. If the present unsatisfactory situation does not change these people will be forced to take to arms to use up power so as to be able to a meliorate their lot.

श्री एम० एन० गोविन्दन नायर (त्रिवेन्द्रम) : हरिजनों पर आक्रमण आए दिन की बात हो गई है। देश के सभी भागों से हरिजनों पर अत्याचार के समाचार मिल रहे हैं। इन समाचारों से स्पष्ट है कि समाज के प्रभावशाली वर्ग ने हरिजनों के विरूद्ध पुलिस की सांठ-गांठ से अघोषित युद्ध छेड़ दिया है। उन्हें जीवित जलाया जा रहा है, हत्याए की जा रही हैं, उनकी भूमि छीनी जा रही हैं तथा उन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा है। सदन को पता होना चाहिये कि ये हमारी जनसंख्या का एक चौथाई भाग हैं।

देश की एक चौथाई जनसंख्या के साथ हमारा क्या व्यवहार है? हमने पूर्वोत्तर मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के सदस्यों के भाषण सुने। इनके साथ हमारे सम्बन्ध बिगड़ते जा रहे हैं। हजारों मील दूर से आए मिशनरी उनमें रहते हैं, इन्हें संरक्षण प्रदान करते हैं, शिक्षित करते हैं और आधुनिक जीवन से परिचित कराते हैं। क्या हम ऐसे किसी कार्य के किए जाने का दावा कर सकते हैं। क्या हमें इस स्थिति पर शर्म नहीं आनी चाहिए?

अब क्या हो रहा है? सवर्ण और जमीदार पुलिस की सांठ-गांठ से इस एक चौथाई जनसंख्या को दबाये जाने का प्रयत्न कर रहे हैं। यह एक गम्भीर सामाजिक समस्या है। संविधान के द्वारा अनुसूचित जातियों और हरिजनों को जो मिलना चाहिए, असल में ये समाज पर हावी लोग उसे नहीं देते। अतः यह एक गम्भीर राजनैतिक समस्या है।

यह एक आर्थिक प्रश्न है क्योंकि उन्हें नौकरियां नहीं दी जाती। उनसे भूमि छीन ली गई है। संक्षेप में हमारी जनसंख्या का एक चौथाई भाग समाज के इन हावी वर्गों द्वारा सताया जा रहा है अतः इस प्रश्न को राष्ट्रीय प्रश्न के रूप में लिया जाना चाहिए।

हमारे देश में 1920 में भी इससे मिलती-जुलती स्थिति पैदा हो गई थी। हमारे समाज के पिछड़े वर्गों ने अपने अधिकारों के लिए लड़ना शुरू कर दिया और सवर्ण हिन्दुओं और जमीदारों ने उनको बचाने की काशिश की। उस समय कन्नड़ कांग्रेस ने छूआछूत का प्रश्न उठाया और इसे राष्ट्रीय प्रश्न समझा गया। भारत के सभी भागों के लोगों ने इसमें सहायता की। आप सब जानते हैं कि गांधी जी हरिजनों के उत्थान हेतु ऐतिहासिक उपवास किया और यह हरिजन नाम भी उनका दिया हुआ है। मैं आपको नहीं बताना चाहता कि हरिजनों के उत्थान के लिए क्या-क्या किया लेकिन अब स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत क्या हो रहा है। आप उन्हें अपने भाग पर छोड़ दिया हैं।

हरिजनों के विरुद्ध एक किस्म का यह जो रोष है उसे समाप्त किया जाना चाहिए। हमें सभी संसदीय दलों की समिति बनानी चाहिए जो इन स्थानों पर जाकर असलियत का पता लगाएं जहां कि हरिजनों पर हमले किए जाते हैं। उन्हें हरिजनों के मन से संदेह की भावना निकालनी चाहिए तथा सभी सम्बद्ध व्यक्तियों की मदद से वातावरण को सामान्य बनाने की कोशिश करें यदि हम ऐसा नहीं कर पाते और यदि उपचारात्मक कदम नहीं उठाए जाते तो अमरीका के नागरिक अधिकार जैसा आन्दोलन यहां भी छिड़ सकता है।

हम विदेशों में कांफ्रेंसों में जाते हैं और दक्षिण अफ्रीका, रोडेशिया अथवा अमरीका में किए जाने वाले रंग भेद की आलोचना करते हैं लेकिन हमारे अपने देश में क्या स्थिति है। क्या इस पर हमको शर्म नहीं आनी चाहिए? संसद् को यह प्रश्न गम्भीरता से लेना चाहिए और एक समिति गठित की जानी चाहिए जो इस सम्बन्ध में औपचारिक उपायों का सुझाव दे।

Shri Shiv Narain Sirsonia (Karol Bagh) : Although the office of the commissioner for scheduled castes and scheduled tribes have to look after the scheduled castes and scheduled tribes throughout the country the strength of staff is only 68. How can such a small staff do justice to the work.

During the last 30 years 22 reports have been submitted and many commissioners have been replaced but as yet we have not been able to bring about that situation where a person from the scheduled caste or tribes can become commissioner.

It is said again and again that casteism is the root cause of the problem of scheduled castes and scheduled tribes. But our schedule itself is based on castes. It appears that we have taken the disease itself to be the treatment. So there is need for reconsideration of this matter.

The schedule castes, tribes and denotified tribes have been divided in various classes. This is a great impediment in the way of their coming together for the common cause of their upliftment. Therefore it is necessary to make such provision whereby those people can get an opportunity to unite and make progress through their own efforts.

In class IV services the reservation for the schedule caste and schedule tribes is 15 per cent and 7 per cent respectively. The total percentage of all the backward classes in the country's population is 84. But the present position is this that all power and wealth has been given to the remaining 16 percent population. This is the main cause of the present imbalance. It is time some concrete measures are taken to raise the economic standard of the backward people.

Shri N.K. Bose who was one time the Commissioner for schedule castes and schedule tribes had said in a public address that these people should not get any reservations and they should not be allowed to receive education beyond 10th standard. if persons with such views are appointed Commissioner how can the schedule castes and schedule tribes make any progress?

These reports are often discussed here. But has the Government ever made any assessment as to what progress has been made by those people? Perhaps these people have not been much benefitted during the last 30 years as the previous Government has been serving their own political interest. A white paper should be presented stating how that Government had been deceiving these people all that period.

Much noise is made about the allotment land to the Harijans. But the bitter fact is that in the name of allotment of land the exploitation of these people has increased. Far from getting any additioned income their meagre sources of income are getting squezed. The new technology and mechanisation has brought about more unemployment among these people. Whatever scientific progress has been made has benefitted only the capitalists and the poor workers are being exploited. This needs serious consideration by the Government.

So far as the question of scholarship is concerned a new practice has been started that once a student fails his scholarship is stopped whereas in the past this was not so. The new practice will go against the interest of the schedule castes and schedule tribes. So it should be discontinued.

As regards services it is a practice in the past that if suitable persons are not available against the quota for schedule caste then persons from schedule tribes are considered and vice-versa. But what happened in emergency was that in such cases the posts were deserved. This something very unfair Government should pay attention to it. A separate Ministry should be set up for the schedule castes and schedule tribes which should ensure that their quota is filled with these words I conclude.

Shri Lalji Bhai (Salumber): Mr. chairman sir, a perusal of these reports convince us that during the last 30 years the Congress Government did nothing for the schedule castes and schedule tribes. All the plans had been total failure so far as the upliftment of these people is concerned.

The new Government should see that all the schedule castes and schedule tribes are included in the list of these people. A Bill for this purpose has been brought in the past and has been referred to a select committee. After that it did not come before the House. Government should see that this is done without further delay.

As regards educational facilities to the students of these communities in the III these students get concession and scholarship whose parents earn less than Rs, 20,000 per year. But in the Delhi College of Engineering this income limit has been fixed at Rs, 9,000 although the course in similar. This is very unfair. Government should see that this limit is raised to Rs. 20,000.

The unemployment among the youngmen of scheduled castes and scheduled tribes has been increasing year after year.

Rajasthan is a backward state where scheduled castes and scheduled tribes have been notified. But there are certain states where these castes are not notified. These should be notified in all the states.

It was stated that 348 new trains will be introduced on Western Railway but in 1977 only 274 trains have been introduced. The reason given for this is inadequate traffic potential there. If more trains are introduced, particularly in the backward areas it will provide more employment opportunities to these people. The conversion of Udaipur-Marwar Jn. line via Kamlighat into B.G. line will also go a long way in benefitting these classes.

Regional Passport Officer should set up in each state so as to avoid inconvenience to people.

In the rural areas there are people who have land under their possession since the time of the Moghals. But they have not yet received patta for it. Neither the British Government nor the congress Government could help them in this regard. It is hoped the Janata Government will be able to help these people in getting patta.

As regards atrocities on Harijans, nobody can deny that cases of atrocities do take place from time to time. The Janata Government should pay more attention to it and try to stop them.

श्री पी० एम० सईद (लक्षद्वीप) : मेरे चुनाव क्षेत्र को देखते हुए ये प्रतिवेदन अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि इस क्षेत्र की सम्पूर्ण जनसंख्या जनजातियों की है ।

यद्यपि हमारे संविधान के निर्माताओं ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के संरक्षण के लिये अनेक प्रावधानों का उपबन्ध किया है, तथापि अब इन लोगों पर अनेक प्रकार के अत्याचार हो रहे हैं । इनका आर्थिक और सामाजिक शोषण हो रहा है । देश में विशेषकर स्वतंत्रता के बाद एक नई विचारधारा पनप रही है और वह यह है कि इन अभागे लोगों का राजनीतिक शोषण भी हो रहा है । विभिन्न राजनीतिक दलों में इन लोगों के कल्याण के लिये काम करने और इनकी सहायता करने की मानो होड़ हो रही है ताकि अपने लिए और राजनीतिक कारणों के लिये इनका विश्वास प्राप्त हो जाये ।

जहां तक इन लोगों पर अत्याचार किये जाने का सम्बन्ध है, यह परिस्थिति कुछ अधिक गम्भीर हो गई है । अस्पृश्यता का कलंक अभी भी विद्यमान है और उन्हें कुंओं से पानी भी नहीं भरने दिया जाता है । भूमि के मामले में भी इन लोगों पर अनेक अत्याचार किये जा रहे हैं । यदि हम इनकी वास्तव में सहायता करना चाहते हैं तो इन जातियों के अनेक लोगों को पुलिस में भर्ती किया जाना चाहिये । दूसरे इन लोगों को सामाजिक संरक्षण भी मिलना चाहिये ।

इस समय लक्षद्वीप में कोई लोकप्रिय व्यवस्था नहीं है क्योंकि यह बहुत ही छोटा सा क्षेत्र है । अतः इसे केन्द्रीय शासित क्षेत्र नहीं माना जा सकता । लक्षद्वीप की सम्पूर्ण जनसंख्या अनुसूचित जनजातियों की है । अतः यहां पर भी अरुणाचल प्रदेश की तरह ही स्वायत्तशासी क्षेत्रीय परिषद् या विधान सभा होनी चाहिये ताकि विकास गतिविधियों या कार्यकलापों में इन लोगों को शामिल किया जाये ।

सलाहकार परिषद् और सलाहकार समिति में इस क्षेत्र के दो व्यक्ति लिये गये हैं । जिन लोगों का द्वीपसमूह के विकास कार्यों से कोई सम्बन्ध नहीं है और जो द्वीपसमूह में रहते ही नहीं हैं उन्हें समिति या परिषद् में नहीं लेना चाहिये ।

रोजगार की स्थिति बहुत विस्फोटक है । इस केन्द्र शासित क्षेत्र में कोई सरकारी या गैर-सरकारी उपक्रम नहीं है । वहां सरकारी विभाग ही वहां के लोगों के लिये रोजगार का एकमात्र अवसर है । इस द्वीपसमूह में कच्चा माल बहुत मात्रा में मिलता है जिसका अभी तक किसी प्रकार का उपयोग नहीं होता है । यहां एक राष्ट्रीय मत्स्य पालन केन्द्र खोला जाना चाहिये जहां केरल तथा अन्य पड़ोसी क्षेत्रों के लोग जाकर मछलियां पकड़ सकें । इससे वहां के लोगों के लिये रोजगार के अवसर पैदा होंगे और इससे अधिकाधिक विदेशी मुद्रा भी कमाने में हमें सहायता मिलेगी ।

लक्षद्वीप की जनसंख्या लगभग 40,000 है । वहां पर 11 वर्ष, 15 वर्ष या 17 वर्ष की सेवा करने के बाद भी कर्मचारी आकस्मिक श्रमिक कहलाते हैं । जो व्यक्ति चाहे उन्हें सेवा से निकाल सकता है । इन सभी बातों को ठीक करना चाहिये । लक्षद्वीप के लिये स्वायत्तशासी आदिवासी परिषद् या टेरीटोरियल असेम्बली या लघु राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिये । क्षेत्र में छोटा होने के कारण उन्हें लोकतंत्रीय संस्था से वंचित नहीं किया जाना चाहिये । सलाहकार परिषद् या समिति के सदस्य निर्वाचित होने चाहिये । इस संबंध में मंत्री महोदय को सभा में आश्वासन देना चाहिये।

Shri Lohanu Sidwa Kom (Dahanu): India's one fifth population consists of Adivasis and scheduled tribes but it is a matter of concern that even after 30 years of independence these people are being exploited. They are being made victims of all sort of atrocities. Their land is being forcibly grabbed. A legislation was enacted by Maharashtra Government in 1974 under which Adivasis could retain the land under their control but the land lords who were mostly smugglers and capitalists got that land transferred in the name of trusts etc. I want to request the Government that steps should be taken for return of land to Adivasis.

Adivasis have been living in Jungles and hilly areas. They cleared some land for their day-to-day living but now this land is being taken over by Maharashtra Government. So my other submission is that the S.R.P. men who are getting this land vacated should be called back and that land should given to Adivasis for agricultural purposes.

Sir, during emergency a great hue and cry was raised about the welfare programmes of Adivasis. According to a scheme, the Government was to provide huts to Adivasis which was to cost Rs. 150. The huts which were made with such a small amount were not at all worth giving protection from sun and rain. It was a gross injustice to Adivasis. The allotment of land to Adivasis is also proving a force as actually they are not getting any land. They get it only on paper.

My other submission is that Adivasis are facing acute problem of drinking water. No proper medical facilities are available in Adivasis areas. All these problems of Adivasis should be looked into expeditiously. They should be saved from the atrocities of landlords. It is a matter of pity that even after 29 years of independence, the ladies of Adivasis are being victimised. All these things require immediate attention of the Government.

Lastly, I may submit that if the Government is keen to solve the problem of unemployment, then Adivasis must be provided facilities for setting up Cottage industries. I hope Janata Government will look into all these problems which have been highlighted in the 20th, 21st and 22nd report on Scheduled Castes and Tribes.

The Ministery of Health and Family Welfare (Shri Raj Narain): It is a very serious. issue and if we judge this issue from its economic aspect only, it will be difficult to solve it As a matter of fact castism is the root cause of this problem and it is prevalent from ancient days i.e. the days of Ramayana. So, simply to have a discussion on economic aspect of the problem will not solve the problem. What I want to improve upon hon. Members is that we must try to understand that all men are equal. It is only by understanding the equality of all men that we can think of doing away with this problem. We cannot solve this problem by bringing a Censure Motion against the Home Minister in the name of atrocities on Harijans.

Now I would like to place some facts before the House. The figures of atrocities on Harijans are on increase right from 1973. But now these figures are not increasing with the speed with which these were increasing during Congress regime. I am fully aware how Congress Government handled the people who protested for the entry of Harijans in temples because I was one who lead the procession.

Hon. Members may get offended with me but I am not going to mislead them. Our opponents are experts in the art of misleading others. I know an atmosphere is being created against the Home Minister. Big business houses are spending lot of money for arranging rallies in Delhi to demand withdrawal of Home portfolio from Shri Charan Singh. I am saying all this just to apprise the House that during British rule our capitalists had rupees 25 to 40 crores with them whereas now their capacity is that of rupees 1100 to 1200 crores. How can they tolerate that the son of a farmer should be the Home Minister of this country. A vicious atmosphere is being created saying that Shri Charan Singh is anti-Harijan. But I must make it clear that I have received a number of letters from Harijans who have informed me that they are being pressed by congressmen for lodging false reports.

Those who want uplift of Harijans should defeat the Janata Government. Those who are accusing Shri Charan Singh should read the policy statement of Bhartiya Lok Dal in which Shri Charan Singh has clearly stated that he would know no rest till caste system is rooted out of the country. He has dedicated his life to the uplift of Harijans and other backward people.

In Government services, 20 per cent posts are reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. But their representation in services is far below that percentage. What did the Congress do for ameliorating the lot of Harijans all these years? Mahatma Gandhi has done a lot for Harijans. It has to be remembered that Shri Charan Singh as a Congress Minister in U.P. has the distinction of having piloted the Zamindar Abolition Bill and of conferring title deeds in respect of land holdings on Harijans.

Appointment of Shah Commission to go into the excesses of Emergency has annoyed certain people. That is why they are angry with the Home Minister. It has to be remembered that during the emergency the members of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes had been picked up for compulsory sterilization and subjected to harassment.

I have received a letter from Dr. R. K. Caroli, presidents' physician saying that before the Lok Sabha elections, there was an attempt to pressurise him to tell Mr. Jagjivan Ram who was returning from election tour that he was having heart attack and thus advise him to remain in hospital for some days. According to Dr. Caroli, he was asked to do so by a senior Health Ministry Official.

The doctor declined to oblige the official, According to Dr. Caroli's letter, the official said that he was acting on instructions from higher quarters and if the doctor did not oblige, he could even be sent to jail. I have forwarded Dr. Caroli's letter to the Prime Minister.

We have pledged under the leadership of Gandhiji to create democratic society based on the principle of equality. Both Shri Morarji Desai and Shri Charan Singh supported by Janata Party workers would sacrifice their lives for giving necessary protection to Harijans and religious minorities.

Shri Basant Singh Khalsa (Ropar): Our Constitution provides for social and economic justice to each citizen of the country, but it is well-known to what extent Harijans have been subjected to oppression and exploitation in this country. Refugees from East Bengal and Bangla Desh were rehabilitated in this country even at the cost of great financial strain on the country. But I would like to ask as to why the Scheduled Castes and Scheduled Tribes people have been neglected so far and why no attempts were made to uplift them. Therefore, a separate Ministry should be set up to deal with the problems of Harijans and Adivasis at the national level.

During the last thirty years, nothing has been done to bring about the upliftment of the backward classes people. Even now discrimination is being made against them. The present Government should take it upon themselves to do something to improve their lot. The Scheduled Castes and Scheduled Tribes people should get their due representation in services as well as in the present Cabinet of the Government.

श्री बी० शंकरानन्द (चिक्कोडी) : अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की समस्या को गम्भीरतापूर्वक नही लिया गया है । माननीय मंत्री ने अपने भाषण में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की समस्याओं के अलावा और सभी बातें कही हैं ।

मैं यहां यह कहना चाहता हूं कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का मामला किसी दल विशेष का मामला नहीं है । अपने भाषणों में सदस्यों ने एक दूसरे के दल पर दोषारोपण किया है । इस देश की प्रत्येक व्याधि के लिये ब्रिटिश राज को दोषी ठहराया गया । अब जनता पार्टी कांग्रेस दल पर दोष मढ़ रही है और कांग्रेस दल जनता पार्टी को दोषी बता रहा है ।

हम हरिजनों पर अत्याचारों की बात करते हैं । हम हरिजनों के कल्याण की बात करते हैं अपने धर्म की बात करते हैं, संस्कृति की बात करते हैं, इतिहास की बात करते हैं, परन्तु क्या यह शर्म की बात नहीं है कि आजादी के तीस वर्ष बाद भी समाज के कमजोर वर्गों पर अत्याचार किये जा रहे हैं । आज देश में यह स्थिति है कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का कोई भी व्यक्ति चाहे वह मंत्री हो अथवा संसद् सदस्य अथवा साधारण नागरिक, खुश नहीं है। उस का भविष्य अंधकारमय है । उसे आशा की कोई किरण दिखाई नहीं देती । हम लोग डा० अम्बेडकर की बातें तो करते हैं, उनकी सराहना भी करते हैं, परन्तु उन्होंने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये जो मार्ग दिखाया था, उसे स्वीकार नहीं करते ।

यह आश्चर्य की बात है कि जनता पार्टी में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कई जाने माने सदस्य हैं । फिर भी वे अनुसूचित जातियों के पक्ष में कुछ कहने की बजाय चुप रहना अधिक पसन्द करते हैं । शायद सत्ताधारी दल के अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के सदस्य इसलिये चुप हैं कि उन्हें मंत्री बनने की आशा होगी ।

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या जाति प्रथा दूर किये बिना अस्पृश्यता दूर की जा सकती है। जाति प्रथा के लिये मैं किसी विशेष राजनीतिक दल को दोष नहीं देता, परन्तु सभी राजनीतिक दल इस के जिम्मेदार हैं । चुनाव में पार्टी का टिकट देते समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि अमुक निर्वाचन क्षेत्र से कौन सी जाति का उम्मीदवार जीत सकता है । ऐसी परिस्थिति में जाति प्रथा कैसे दूर की जा सकती है ।

जाति प्रथा के बारे में डा० अम्बेडकर ने कहा था कि इसके कारण भविष्य में हमारी स्वतन्त्रता खतरे में पड़ सकती है । डा० अम्बेडकर ने कहा था कि केवल धर्म परिवर्तन से ही अस्पृश्यता का उन्मूलन किया जा सकता है और उन्होंने ऐसा करके भी दिखाया था । दुर्भाग्यवश श्री राज नारायण ने मनुस्मृति का उल्लेख किया है । डा० अम्बेडकर ने उस मनुस्मृति को जला दिया था । मनुस्मृति ही जाति प्रथा का मूल कारण है । यह दुर्भाग्य की बात है कि जनता पार्टी के मंत्री यह समझते हैं कि रामायण, महाभारत और मनुस्मृति से जाति प्रथा की समस्या हल हो सकती है । वस्तुतः जब तक जाति प्रथा और अस्पृश्यता विद्यमान है, तब तक कोई अत्याचारों को रोक नहीं सकता । जब तक जाति प्रथा जारी है अत्याचार होते रहेंगे । अब तीन वर्ष बाद अनुच्छेद 334 के अन्तर्गत सदन में आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था को समाप्त किया जा रहा है । मैं पूछना चाहता हूं कि इस बारे में सरकार की विचारधारा क्या है ? क्या वह इस सुविधा को अगले दस वर्षों तक जारी रखना चाहती है या वह समझती है कि इन जातियों के लोग आम स्तर तक पहुंच चुके हैं, जहां से वे बिना संवैधानिक संरक्षण के अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं ।

मैं उन लोगों के बारे में जानना चाहता हूं, जिन्होंने बौद्ध धर्म अंगीकार कर लिया था । यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है । प्रतिवेदन में उन लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जिन्होंने

बौद्ध धर्म अंगीकार कर लिया है । उन की संख्या लाखों में है । उन लोगों ने सामाजिक यातनाओं से छुटकारा पाने के लिये बौद्ध धर्म अंगीकार किया था । क्या सरकार ऐसे लोगों को रियायतें देगी, जो सामाजिक गैर बराबरी से छुटकारा पाने के लिये धर्म परिवर्तन करते हैं । एक बात मैं और जानना चाहता हूं । अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आयुक्त ने कई सिफारशें करी हैं । मुझे आशा है कि गृह मंत्रालय में उन पर विचार कर लिया गया होगा । मैं यह जानना चाहता हूं कि उनमें में से कितनी सिफारशों को सरकार स्वीकार करेगी और कितनी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

अब प्रश्न यह उठता है कि क्या बौद्ध धर्म अंगीकार करने वालों को वही रियायतें दी जायेंगी जो अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को दी जाती हैं । क्या अनुसूचित जनजातियों को, चाहे वे ईसाई हों अथवा मुसलमान वही रियायतें दी जायेंगी । अनुच्छेद 25 में सभी को अपना धर्म अपनाने की स्वतन्त्रता है । जब संविधान में स्पष्ट लिखा हुआ है कि हिन्दुओं में बौद्ध शामिल हैं और यदि अनुसूचित जाति का व्यक्ति बौद्ध धर्म अपना लेता है, तो उसे संवैधानिक रियायतों से वंचित क्यों रखा जाये।

अन्त में, उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 76 पद रिक्त पड़े हैं । इन में से कितने पदों पर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को नियुक्त किया जायेगा । हम यह भी जानना चाहते हैं कि इन जातियों के कितने लोगों को राज्यपाल नियुक्त किया जायेगा ।

श्री बी० सी० काम्बले (बम्बई दक्षिण-मध्य) : महोदय पिछले सत्र से मुझे बोलने का अवसर नहीं मिला है । यदि मुझे अब भी अवसर नहीं मिला, तो मुझे सभा छोड़ कर सदन से बाहर जाना पड़ेगा ।

अध्यक्ष महोदय : मैं आप को मौका देने का प्रयास करूंगा ।

श्री पी० वी० पेरियासामी (कृष्णगिरि) : इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी जातियों के 25 करोड़ लोगों को संवैधानिक संरक्षण दिये गये हैं, परन्तु वास्तविकता यह है कि उन की हालत बद से बदतर हुई है ।

संविधान के अनुच्छेद 46 में निदेश दिया गया है कि सत्तारूढ़ सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों को सामाजिक अन्यायों एवं सभी प्रकार के शोषण से बचायेगी । इस पृष्ठ भूमि में, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के आयुक्त ने विचाराधीन प्रतिवेदनों में कई सिफारिशें की हैं । परन्तु उन्हें कार्य रूप नहीं दिया गया । इन जातियों की स्थिति इतनी दयनीय है कि उसे देख कर पत्थर भी पिघल गया होता, परन्तु खेद की बात है कि राजनीतिक दलों और देश के नेताओं ने उन का शोषण ही किया है ।

नियुक्तियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित पद की प्रतिशतता क्रमशः 15 प्रतिशत और 7½ प्रतिशत है, जब कि 1 जनवरी, 1974 के केन्द्रीय सेवाओं में स्थिति इस प्रकार थी :—

अनुसूचित जातियां :

श्रेणी I के पद	3.58%
श्रेणी II के पद	4.83%
श्रेणी III के पद	10.34%
श्रेणी IV के पद	17.86%

अनुसूचित जनजातियां :

श्रेणी I के पद	0.65%
श्रेणी II के पद	0.50%
श्रेणी III के पद	2.35%
श्रेणी IV के पद	4.24%

पांच आम चुनावों के बाद भी विधिवत निर्वाचित केन्द्रीय सरकारें इन जातियों के लोगों को नौकरियों में पूरा आरक्षण नहीं दे पाई हैं । देश में सरकारी क्षेत्र न केवल राष्ट्रीय उत्पादन में वृद्धि करने के लिये बल्कि दलितों के आर्थिक समुत्थान के लिये बनाया गया था । इन जातियों के लोगों के कल्याण के लिये संसदीय समिति बनाई गई है । इसके बावजूद भी उन की स्थिति नहीं सुधरी । जनता सरकार को अनुच्छेद 46 में संशोधन करके यह व्यवस्था करनी चाहिये कि इन जातियों को सामाजिक अन्यायों तथा सभी प्रकार के शोषण से रक्षा करने में असफल रहने पर फांसी की सजा दी जायेगी ।

अधिकारी यह बहाना बनाते हैं कि अर्हताप्राप्त उम्मीदवार नहीं मिले, इस लिये आरक्षित पदों को समाप्त करना पड़ा । प्रतिनिधि सरकार के लिये यह अच्छी बात नहीं है कि वह अनुसूचित जातियों के लिये आरक्षित पदों का केवल 44 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित पदों का केवल 26 प्रतिशत भाग भर सकी है । गृह मंत्री का यह कहने का क्या फायदा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन ऊपर से शुरू होना चाहिये । सांविधिक दायित्व को क्रियान्वित करके उन्हें उदाहरण स्थापित करना चाहिये और जहां भी इस में असफलता हो, दोषी व्यक्ति को हटा दिया जाये ।

श्री बी० सी० काम्बले (बम्बई दक्षिण-मध्य) : ये प्रतिवेदन चार वर्गों -- अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा आंगल-भारतीय के लिये संवैधानिक सुरक्षाओं के कार्य करण के बारे में हैं । जहां तक अन्य पिछड़े वर्गों के लिये संवैधानिक सुरक्षाओं के कार्यकरण का संबंध है , इन प्रतिवेदनों में एक शब्द भी नहीं कहा गया है । यह संविधानिक दोष है, जिसे संविधान का अवमान कहा जा सकता है ।

ये प्रतिवेदन कांग्रेस के शासन काल से सम्बन्धित है । मैं कांग्रेस दल के अपने माननीय मित्रों को बताना चाहता हूं कि इन प्रतिवेदनों से क्या निष्कर्ष निकलता है । आयुक्त ने यह स्वीकार किया है कि हालात बद से बदतर हुए हैं । कांग्रेस के शासन के दौरान जिस अवधि से यह प्रतिवेदन सम्बन्धित है, तीन वर्षों में 1112 हत्यायें हुई हैं ।

वर्ष 1956 में जब अनुसूचित जातियों के लोगों ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया, उस समय कांग्रेस पार्टी का शासन था । तब से ही कांग्रेस सरकार बौद्धों को दबाती रही है । न केवल बौद्धों को दबाया गया, अपितु उन के संगठनों को भी नष्ट करने का प्रयास किया गया । मैं चुनौती देता हूं कि डाक्टर अम्बेडकर के अभियान को कोई नहीं दबा सकता ।

कांग्रेस ने कभी भी इन लोगों की मां अथवा संरक्षिका के रूप में काम नहीं किया । उसने हमेशा पूतना मौसी की तरह व्यवहार किया । अब जनता सरकार की बारी है मुझे खुशी है कि गृह मंत्री बुद्ध की शिक्षाओं पर विश्वास रखते हैं । समूची सभा संविधानिक संरक्षणों को कार्यरूप दिये जाने के पक्ष में है । अब देखना यह है कि उन्हें किस प्रकार कार्यरूप दिया जाता है ।

हरिजनों और गिरिजनों के बारे में नीति मानवीय विचारों पर आधारित नहीं है । इस नीति में परिवर्तन किया जाना चाहिये । संवैधानिक सुरक्षापायों को क्रियान्वित किया जाना चाहिये ।

श्री एन० श्रीकान्त नायर (क्विलोन) : सभी सरकारी विभागों और राजनीतिक क्षेत्रों में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद व्याप्त है । हर वर्ग हरिजनों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उपेक्षा कर रहा है और उन को उनके हक से वंचित कर रहा है । सरकारी सेवाओं और विशेषकर सरकारी उपक्रमों में ऐसा हो रहा है । सरकारी उपक्रम काम दिलाऊ कार्यालयों से कहते हैं कि चार अथवा पांच वर्ष के अनुभवी व्यक्ति भेजे जायें । अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के स्नातक अनुभव प्राप्त कैसे हो सकते हैं ? उनको अनुभव नहीं होता इस लिये उनकी उपेक्षा की जाती है।

केरल में तीन अलग इकाइयां थीं । ट्रावंकोर और कोचीन अलग राज्य थे । मालाबार अंग्रेजों के अधीन था । प्रत्येक क्षेत्र के अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के अपने-अपने वर्ग हैं । इन सभी वर्गों को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति संशोधन अधिनियम के अन्तर्गत संहिताबद्ध किया गया था । परन्तु इस बारे में अधिसूचना अभी तक जारी नहीं की गई है । इससे उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त करने और हरिजन छात्रावासों में रहने आदि की सुविधायें अभी तक नहीं मिलती हैं । मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि मेरे राज्य के हित में तथा अन्य राज्यों के हित में अधिसूचना शीघ्र जारी करवायें, ताकि इन जातियों के लोग अधिनियम के क्षेत्राधिकार में आ सकें और उन्हें लाभ प्राप्त हो सके ।

ए० के० राय (धनबाद) : मुझे आश्चर्य है कि भगवान ने गलतियां कीं और उसी के परिणामस्वरुप इस समय हमारे देश में जाति प्रथा है । जाति प्रथा को मनु से जोड़ा जाता है तथा यह कहा जाता है कि यह गलती मनु ने की थी । परन्तु मनु से बहुत पहले जाति प्रथा थी । ऋग्वेद में लिखा है कि एक महान शक्ति थी जिसके शीश से ब्राह्मण , भुजाओं से क्षत्री, कमर से वैश्य और पैरों से शूद्र पैदा हुए । वही जाति व्यवस्था वर्ग व्यवस्था बन गई और देश में आज भी वही वर्ग व्यवस्था है । अब भी यदि हम देखें तो पता चलता है कि ग्रेड I में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का कोई कर्मचारी नहीं है, ग्रेड II में बहुत कम हैं, ग्रेड III में उस से कुछ ज्यादा हैं और ग्रेड IV में उन की संख्या अधिक है । इस का अर्थ यह है कि नौकरी जितने छोटे स्तर की होगी हरिजनों की संख्या उतनी ही अधिक होगी अर्थात् वे अभी तक समाज में सब से नीचे स्तर पर हैं ।

संविधान की बातें करने एवं ग्रामों में हरिजनों के लिये किये गये सुरक्षापायों के बावजूद उपरि जाति के लोगों के पास भूमि है और अनुसूचित जाति के अधिकांश लोग भूमिहीन श्रमिक हैं। अतः यह सामाजिक-आर्थिक समस्या है । जब तक भूमि सुधारों में आमूलचूल परिवर्तन नहीं किया जाता और सामन्तशाही के शेष तत्वों को समाप्त नहीं किया जाता, तब तक जाति प्रथा को समाप्त नहीं किया जा सकता ।

यदि कोई बौद्ध धर्म स्वीकार कर लेता है तो क्या इससे समस्या हल हो जायेगी ? मुसलमानों में भी जाति प्रथा है। मुसलमानों का एक वर्ग कहता है कि अल्लाह के सामने वे सब बराबर हैं, परन्तु कुछ लोग इस बात को नहीं मानते । यदि सब ईसाई हो जायें; तो यह समस्या हल हो सकती है। परन्तु यह भी संभव नहीं है । डा० राम मोहन राय ने 100 वर्ष पूर्व यह परीक्षण शुरू किया था, परन्तु उन्हें असफलता ही हाथ लगी । अतः जरूरत इस बात की है कि सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्रांति लाई जाये । सामन्तशाही और पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त किया जाये ।

छोटा नागपुर के औद्योगिक समूह में केन्द्रीय श्रम विभाग एक हस्पताल चला रहा है । यह हस्पताल खान श्रमिकों के लिये है । इस हस्पताल में हरिजन मंत्रियों के अतिरिक्त सभी दाखिल हो सकते हैं । मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि ऐसा प्रतिबन्ध हटा लेना चाहिये । इस अस्पताल का नाम जगजीवन राम अस्पताल है ।

बिहार के कई क्षेत्रों में कृषि श्रमिकों का दमन हो रहा है । इसी प्रकार खानों में भी श्रमिकों का दमन हो रहा है । कुछ समय पूर्व शित्रू में भी बी०सी०सी० एल० द्वारा गोली चलाई गयी थी । एक न्यायिक आयोग बिठाया गया । आयोग का निष्कर्ष था कि गोली चलाना गलत तथा असंगत था और बी०सी०सी०एल० दोषी है । मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि इस घटना में शिकार हरिजनों को मुआवजा दिलाया जाये और संसदीय समिति कोयला क्षेत्र में जाकर मामले की जांच करे।

खानों में मशीनीकरण के नाम पर 50 हजार हरिजनों एवं श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया है। मेरी मांग है कि हरिजनों एवं आदिवासियों की प्रतिशतता नियत कर दी जानी चाहिये और प्रतिशतता में कमी करने पर प्रतिवन्ध लगाया जाना चाहिये ।

कानून के अनुसार एक आदिवासी की जमीन केवल आदिवासी ही ले सकता है । इसी प्रकार यदि किसी हरिजन या आदिवासी की छटनी या सेवा निवृत्ति की जाती है तो उनके बदले में हरिजन और आदिवासी को विशेषकर कोयला खानों में नौकरी दी जानी चाहिये । अन्यथा कुछ ही वर्षों में कोयला खानों में कोई हरिजन और आदिवासी श्रमिक नहीं रहेगा ।

Shri Ram Kanwar Berwa (Tonk): Hon. Members have given some valuable suggestions about the welfare of Scheduled Tribes. I would like to point out that employees in the various Government offices belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes are exploited. Their grievances are not attended to properly.

The Scheduled Castes people are generally poor, landless and homeless. There are a number of villages in Rajasthan where drinking water has not been provided by the Government. Necessary attention should be paid towards this by the Government.

Some decision at the cabinet level should be taken to ensure that the rich people do not exploit the poor. I want that Chief Ministers should be asked to ensure that no injustice is done to the harijans.

Some people have suggested that there should be no reservations for harijans. This suggestion if implemented will reduce the number of harijans in the Government service. I hope that Government will continue the reservation for promoting the harijan interests.

श्री जी० एस० रेड्डी (मिरछलगुदा) : मैं अपना प्रतिस्थापन प्रस्ताव संख्या 23 दे रहा हूं ।

इस देश में बहुत पहले से हरिजनों पर अत्याचार होते आ रहे हैं । कुछ हरिजनों ने ईसाई तथा इस्लाम धर्म अपना लिया है । इसके बावजूद भी उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति वही है जो पहले थी । इन लोगों को वही सुविधायें मिलनी चाहिये जो हरिजनों को मिलती हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि सभी धर्मों और वर्गों को समान सुविधायें मिलें । इस हेतु एक आयोग का गठन किया जाना चाहिये । धर्म के आधार पर कोई मतभेद नहीं होना चाहिये ।

Chaudhari Hari Ram Makkasar (Bikaner): Sir, Lakhs of acres of Government land in Ganganagar District of Rajasthan should be allotted to the landless harijans. That land is being auctioned. Landless people and harijans started an agitation against the auction of land since the Congress Government promised not to auction it. The Government resorted to firing on these people at the time of agitation as a result many people were killed. I want Government to pay compensation to the families of those who were killed and allot land to the landless harijans.

Shri Phirangi Prasad (Bansgaon): Everybody is aware of the services rendered by Chaudhri Charan Singh to the cause of harijan welfare.

The report contains figures about the atrocities committed on harijans. These figures are, no doubt, alarming. Scheduled Castes and Scheduled Tribes suffered most during Congress regime. Not only were the harijans throughout the country subjected to untold sufferings and atrocities but they were also ignored and exploited at the political level.

We hope that the Home Minister being well aware of the problems of harijans will see that no more atrocities are committed on harijans.

An Hon. Member : Time may be extended by one hour.

श्री अमर राय प्रधान (कूच बिहार) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

अध्यक्ष महोदय : हमें सभी दलों को बोलने का समय देना है । यह ठीक है कि चर्चा का समय बढ़ गया है । यदि सभा चाहती है तो एक घंटे का समय बढ़ाने में मुझे कोई आपत्ति नहीं है (**व्यवधान**)

श्री अमर राय प्रधान : मेरा एक प्रतिस्थापन प्रस्ताव है । यदि मुझे बोलने का समय नहीं मिलता तो इसे पेश करने का क्या लाभ है ?

अध्यक्ष महोदय : यदि आप इस पर जोर देते हैं तो इसे सभा के मतदान के लिये रखा जायेगा।

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह): सख्ती से बोलने से कोई भी समस्या हल नहीं होती । मैंने सभापति महोदय से कहा था कि यह चर्चा अगले सत्र के लिये स्थगित की जाये ।

अध्यक्ष महोदय : गृह मंत्री की बात को ध्यान में रखते हुये अब इस पर अगले सत्र में चर्चा होगी ।

इसके बाद लोक सभा सोमवार 8 अगस्त, 1977/17 श्रावण 1899 (शक) के ग्यारह बजे म० व० तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday the 8th August, 1977/Sravana 17, 1899 (Saka)

MGIPRRND—14LSS/77—Sec. IV-N/S—13-12-77—200.